www.prepp.in

UPSC CSE 2018 MAINS PAPER 7 OCTOBER 07, 2018 HISTORY OPTIONAL PAPER - II QUESTION PAPER

EGT-D-HST

# इतिहास / HISTORY

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

| निर्धारित समय : तीन घंटे<br>Time Allowed : Three Hours | अधिकतम अंक : 250<br>Maximum Marks : 250 |
|---|---|

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

*कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :*

*इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हुए हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या 1 और 5 अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित कथनों में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए :**

**Critically examine the following statements in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) "प्लासी का युद्ध (1757) ने इस तरह से भारत में इंग्लिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी की राजनीतिक सर्वोच्चता की शुरुआत को चिह्नित किया था ।"

"The Battle of Plassey (1757) thus marked the beginning of political supremacy of the English East India Company in India." *10*

(b) "भूमि के भूमिधर कृषकों के हाथों से अखेतिहर ज़मींदारों के हाथों में पहुँच जाने से कृषिक क्षेत्रों में वर्गों का वर्धमान ध्रुवीकरण पैदा कर दिया था ।"

"The passing of the land from the hands of the peasant proprietors into the hands of non-cultivating landlords brought about increasing polarization of classes in agrarian areas." *10*

(c) "19वीं शताब्दी में, औपनिवेशिक संस्कृति और विचारधारा के अनधिकृत प्रवेश की चुनौती का मुकाबला करने के लिए, परम्परागत संस्थाओं को अनुप्राणित करने का और पारंपरिक संस्कृति की अंत:शक्ति को प्राप्त करने का एक प्रयास किया गया था ।"

"Faced with the challenge of the intrusion of colonial culture and ideology, an attempt to reinvigorate traditional institutions and to realize the potential of traditional culture developed during the nineteenth century." *10*

(d) "पैतृकवादी हितैषिता की एक विचारधारा साथ में न्यासिता की बात और स्व-शासन के लिए प्रशिक्षण ने राज के वास्तविक स्वरूप को, जो कि निरावृत्ती श्वेत और निरंकुश था, कुछ-कुछ ढके रखा था ।"

"An ideology of paternalistic benevolence, occasionally combined with talk of trusteeship and training towards self-government, thinly veiled the realities of a Raj uncompromisingly white and despotic." *10*

(e) "राज्यों के पुनर्गठन ने निस्संदेह भाषाई विवादों से संबंधित सभी समस्याओं का हल नहीं निकाला था ।"

"States' reorganization did not, of course, resolve all the problems relating to linguistic conflicts." *10*

www.prepp.in

**Q2.** (a) क्या मालाबार में मोपला विद्रोह जमींदार विरोधी और विदेश विरोधी असंतोष की एक अभिव्यक्ति था ? चर्चा कीजिए ।

Was the Moplah Rebellion in Malabar an expression of anti-landlord and anti-foreign discontent ? Discuss. *20*

(b) स्वतंत्रता के पश्चात् भारत के विभिन्न भागों में दलित आन्दोलनों में विभिन्न प्रवृत्तियों का विश्लेषण कीजिए ।

Analyse various trends in Dalit Movements in various parts of post-independent India. *20*

(c) क्या द्वैध शासन (1919) भारतीयों की राष्ट्रीय भावनाओं को संतुष्ट कर पाया था ?

Could Dyarchy (1919) satisfy the national sentiments of the Indians ? *10*

**Q3.** (a) विश्व युद्ध I और II के बीच भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में समाजवादी विचारधाराओं के विभिन्न स्वरूपों की संवृद्धि को स्पष्ट कीजिए ।

Underline the growth of various forms of Socialist ideologies in the Indian National Movement between World Wars I and II. *20*

(b) भारत में 1947 और 1960 के दशक के आरम्भ के बीच भूमि सुधारों के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए ।

Trace the development of land reforms in India between 1947 and early 1960's. *20*

(c) 19वीं शताब्दी भारत में प्राच्यवादी-आंग्लवादी विवाद का क्या महत्त्व था ? विश्लेषण कीजिए ।

What was the significance of Orientalist-Anglicist controversy in nineteenth century India ? Analyse. *10*

**Q4.** (a) क्या आप असहयोग आन्दोलन के स्थगन को एक "राष्ट्रीय विपत्ति" मानते हैं ?

Do you consider the suspension of Non-Cooperation Movement a "national calamity" ? *20*

(b) 1930 तथा 1940 के दशकों में विभाजन की राजनीति में विभिन्न घुमावों तथा मरोड़ों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine the turns and twists in the politics of partition in 1930's and 1940's. *20*

(c) क्या नरमपंथियों के तरीकों और नीतियों को 'राजनीतिक भिक्षावृत्ति' की संज्ञा दी जा सकती है ?

Can methods and policies of the moderates be referred to as 'political mendicancy' ? *10*

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित कथनों में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए :**
**Critically examine the following statements in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) "कार्ल मार्क्स की रचनाओं के साथ समाजवाद वैज्ञानिक समाजवाद के रूप में परिवर्तित हो गया था ।"
"With the writings of Karl Marx, Socialism assumed the form of Scientific Socialism." *10*

(b) "अमेरिका के स्वतंत्रता संग्राम ने यूरोप को और साथ में अमेरिका को भी रूपान्तरित किया था ।"
"The American War of Independence transformed Europe as well as America." *10*

(c) "औद्योगिक क्रान्ति ने स्थायित्व के स्थान पर गतिशीलता को रख दिया था ।"
"The Industrial Revolution put mobility in the place of stability." *10*

(d) सेडान के युद्ध (1870) की समाप्ति पर, "यूरोप ने एक स्वामिनी को खो दिया और एक स्वामी को प्राप्त कर लिया था" ।
At the end of the Battle of Sedan (1870), "Europe lost a mistress and gained a master". *10*

(e) "दिसम्बर 1941 तक द्वितीय विश्व युद्ध का युद्धक्षेत्र केवल यूरोपीय और अटलांटिक था; इसके बाद यह युद्ध एशियाई और प्रशान्त-सागरीय भी हो गया था ।"
"Until December 1941, the battlefield of the Second World War was exclusively European and Atlantic; thereafter it became also Asiatic and Pacific." *10*

**Q6.** (a) प्रबोध के मुख्य विचारों को स्पष्ट कीजिए । प्रबोध में रूसो के योगदान पर चर्चा कीजिए ।
Explain the major ideas of Enlightenment. Discuss the contribution of Rousseau in Enlightenment. *20*

(b) चर्चा कीजिए कि मेइज़ी पुनःस्थापन के बाद जापान में किस प्रकार से औद्योगीकरण हुआ था । जापान के पड़ोसियों पर इसके क्या परिणाम हुए थे ?
Discuss how Japan industrialized after the Meiji Restoration. What were the consequences for its neighbours ? *20*

(c) दक्षिण अफ्रीका में नस्ल-भेद के अभिलक्षणों को स्पष्ट कीजिए ।
Explain the features of Apartheid in South Africa. *10*

Prepp
Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q7.** (a) जर्मनी में राज्य निर्माण में बिस्मार्क की भूमिका का परीक्षण कीजिए ।

Examine the role of Bismarck in state building in Germany. *20*

(b) विऔपनिवेशीकरण के पश्चात् अफ्रीका के विकास के बाधक कारकों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the factors constraining development of Africa after decolonization. *20*

(c) मार्शल योजना को अपनाने की परिस्थितियों की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए ।

Outline the circumstances leading to adoption of Marshall Plan. *10*

**Q8.** (a) 1949 की चीनी क्रान्ति में साम्यवाद और राष्ट्रवाद के तत्व अलग-अलग पहचाने जा सकते थे । इस कथन को, माओ की रणनीति के लेनिन की रणनीति से भिन्न होने के आलोक में, स्पष्ट कीजिए ।

In the Chinese Revolution of 1949, the elements of communism and nationalism were discernible. Explain the statement in the light of Mao's strategy which was different from that of Lenin. *20*

(b) चर्चा कीजिए कि वर्ष 1946 से 1991 तक संयुक्त राष्ट्र संघ किस हद तक वैश्विक विवादों को हल करने में सफल रहा है ।

Discuss how far the United Nations has been successful in resolving global disputes from year 1946 to 1991. *20*

(c) गोर्बाचेव द्वारा अपनाई गई ग्लासनोस्त की नीति की समीक्षा कीजिए ।

Review the policy of Glasnost adopted by Gorbachev. *10*